हरिभूमि
जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 30 जुलाई 2026
[पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा]

तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

4
जनपद सीईओ के चेंबर में होती है गोपनीय मीटिंग

खबर संक्षेप

बगीचा जनपद को मिले नए सीईओ

जशपुरनगर। एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना द्वारा प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से जनपद पंचायतों में मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के प्रभार में बदलाव किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, जनपद पंचायत बगीचा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनोद कुमार सिंह 31 जुलाई को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके सेवानिवृत्त होने के कारण जनपद पंचायत दुलदुला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पुष्कर पटेल को जनपद पंचायत बगीचा के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रशासनिक कार्यों में निरंतरता बनाए रखने के लिए जनपद पंचायत कुनकुरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह को जनपद पंचायत दुलदुला के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जारी आदेश में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल प्रभाव से प्रभार का आदान-प्रदान सुनिश्चित करें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

कल तक कराएं बागवानी फसलों का बीमा

जशपुरनगर। खरीफ मौसम में उत्पादित होने वाली बागवानी फसलों को बेमौसम मौसम से होने वाले नुकसान से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। सहायक संचालक उद्यान करण सोनकर ने बताया कि योजना के तहत किसान अपनी फसलों का बीमा 31 जुलाई तक करा सकते हैं। उन्होंने किसानों से अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते बीमा कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत टमाटर, बैंगन, मिर्च, अदरक, केला, पपीता एवं अमरूद सहित कुल सात अधिसूचित बागवानी फसलों को शामिल किया गया है। बेमौसम वर्षा, कम अथवा अधिक वर्षा, तापमान में असामान्य परिवर्तन, तेज हवा, आदता तथा प्रतिकृत मौसम के कारण होने वाले कीट एवं व्याधि प्रकोप जैसी परिस्थितियों से होने वाले नुकसान की भरपाई योजना के माध्यम से की जाएगी। योजना में मुआवजे का निर्धारण मौसम के वैज्ञानिक आंकड़ों के आधार पर किया जाएगा।

आकाशीय बिजली की चपेट में आए किसान की गई जान

सूरजपुर। खेत में काम करने के दौरान किसान आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आ गया जिससे किसान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम नमदगीरी निवासी 35 वर्षीय विनय देवांगन मंगलवार को अपने खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक मौसम बदलने तथा तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हुई। इस बीज तेज गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली सीधे किसान पर गिरा जिससे किसान गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद आसपास खेतों में मौजूद ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे तब तक किसान की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अचानक हुए इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले मैदान और खेतों में काम करने से बचने तथा आकाशीय बिजली की चेतावनी मिलने पर सुरक्षित स्थान पर रहने की बात कही है।

डिप्टी कलेक्टर का संकल्प के विद्यार्थियों से संवाद

रिवर्स इंजीनियरिंग, विज़ुअलाइज़ेशन और सही रणनीति से हर लक्ष्य संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करने के लिए डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा और डिप्टी कलेक्टर प्रियंका रानी गुप्ता संस्थान पहुंचे।

डिप्टी कलेक्टर समीर बडा ने विद्यार्थियों के साथ एक बेहद व्यावहारिक, वैज्ञानिक और प्रेरणादायक सत्र साझा किया। पिछले सत्र में वैश्विक अर्थव्यवस्था, मौद्रिक प्रणाली और एआई जैसी तकनीकों की जानकारी देने के बाद, आज के सत्र में उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता की सटीक रणनीतियों, माइंड साइकोलॉजी, न्यूट्रिशन और विषयगत तैयारी के एडवांस तरीकों के विषय में बताया। उन्होंने बताया कि केवल कड़ी मेहनत ही काफी नहीं है, बल्कि सही दिशा में रणनीतिक कौशल सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने सफलता के लिए कुछ रणनीतियां भी बताईं। जिसमें उन्होंने रिसर्च, मार्गदर्शन, विजुअलाइज़ेशन और प्रभावी अभ्यास के विषय में बताया। रिसर्च के अंतर्गत संबंधित विषय के व्यक्तियों के कार्यों की प्रकृति, मार्गदर्शन के अंतर्गत उस क्षेत्र में सफल व्यक्तियों की सलाह, पुस्तकें या इंटरव्यू आदि से जानकारी लेना, विजुअलाइज़ेशन के अंतर्गत हर परिस्थिति और लक्ष्य की पूर्व- कल्पना करके मानसिक व शारीरिक रूप से खुद को तैयार करना शामिल है। मशहूर स्विमर माइकल फेल्प्स का एक किस्सा बताते हुए उन्होंने इसे समझाया। डिप्टी कलेक्टर ने प्रतियोगी परीक्षाओं और करियर प्लानिंग के लिए रिवर्स इंजीनियरिंग तकनीक सुझाई। उन्होंने बताया कि यदि डॉक्टर बनना है, ⏭ शेष पेज 4 पर

वैज्ञानिक पहलू

आगे मानव प्रदर्शन क्षमता बढ़ाने के अपने उद्देश्य पर चर्चा करते हुए उन्होंने माइंड ट्रेनिंग, न्यूट्रिशन साइंस और 'ह्यूमन परफॉर्मेंस' पर भी बात की। उन्होंने न्यूट्रिशन के महत्व पर बात करते हुए बताया कि क्यों शतरंज जैसे दिमागी खेल खेलने वाले खिलाड़ी अपने मस्तिष्क को सक्रिय रखने के लिए ओमेगा-3 का सेवन करते हैं। एफ-1 फॉर्मूला रेसर्स के रिएक्शन टाइम बेहतर करने वाली आई-एक्सरसाइज तथा सुमो पहलवानों के शरीर में विसरल फैट और सबक्यूटेनियस फैट के विषय में भी जानकारी दी।

विकसित होती है मेमोरी

मेमोरी ट्रेनिंग के अंतर्गत उन्होंने अनट्रेंड मेमोरी और ट्रेंड मेमोरी के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए नियमित अभ्यास से याददाश्त बढ़ाने के विषय पर भी विस्तार से चर्चा की। खाली ग्लास को जीवन से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि यदि ग्लास में पहले बेकार एवं अनुत्पादक चीजें भर देंगे तो उसमें अच्छी चीजें नहीं आ पाएंगी। इसलिए जीवन रूपी ग्लास में सबसे पहले उच्च गुणवत्ता वाले विचार, संस्कार और अपना लक्ष्य भरें। उन्होंने कहा कि आप सभी विद्यार्थियों को भले ही अभी विषय की बहुत विस्तृत जानकारी नहीं है, लेकिन आपमें सफलता पाने की अदम्य भूख है। यदि आप खुद पर विश्वास रखें और सही रणनीति बनाएं, तो दुनिया में कोई भी चीज असंभव नहीं है।

खाद्य विभाग की टीम ने लोदाम की बर्तन दुकान में दी दबिश

जशपुरनगर। सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के आधार पर खाद्य विभाग की टीम ने लोदाम स्थित एक बर्तन दुकान में दबिश देकर 13 नग गैस सिलेण्डर जब्त किया है।

खाद्य विभाग को ऑनलाईन शिकायत प्राप्त हुई कि ग्राम लोदाम के मुख्य मार्ग पर स्थित बर्तन की दुकान में बीरू (मुकेश साहू) दुकान द्वारा बिना वैध लाइसेंस के घरेलू एलपीजी गैस सिलेण्डरों की अवैध बिक्री पिछले 1.5 वर्षों से प्रत्येक सप्ताह 4-5 घरेलू एलपीजी सिलेंडर लाकर विक्रय किया जा रहा है। मुख्य सड़क एवं सार्वजनिक स्थान पर अनाधिकृत गैस विक्रय किए जाने से गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है जिससे आम नागरिकों की असुरक्षा होने संबंधित शिकायत के संबंध में जांच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश है। उक्त शिकायत के संबंध में सहायक खाद्य अधिकारी जिला जशपुर एवं खाद्य निरीक्षक, जशपुर द्वारा संयुक्त रूप से जांच किया गया। जांच के समय मुकेश कुमार साहू एवं उनकी पत्नी रूपा साहू निवासी लोदाम उपस्थित रहे, उनके द्वारा बर्तन दुकान का संचालन किया जाता है, जांच के समय संबंधित द्वारा घर दुकान में घरेलु उपयोग के अतिरिक्त इण्डेन कम्पनी का शीलबंद 9 नग भरा हुआ व 1 नग खाली सिलेण्डर एवं बीपीसीएल कम्पनी 3 नग खाली सिलेंडर कुल 13 नग गैस सिलेंडर अवैध रूप से भण्डारण पाया गया। उनके द्वारा 3 गैस कार्ड दिखाया गया जिसमें उनकी माता के नाम 01 उज्जवला योजना का कनेक्शन, मुकेश कुमार साहू एवं उनकी पत्नी के नाम से सामान्य गैस कार्ड प्रस्तुत किया गया है। घरेलू उपयोग के अतिरिक्त कुल 13 नग गैस सिलेण्डर के संबंध में जांच के समय किसी प्रकार वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर जप्ती पश्चात सुरक्षार्थ हेतु लोदाम विकासखंड के गैस एजेंसी के सुपुर्द कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

■ सीएम हेल्पलाइन नंबर में की गई थी शिकायत

ग्राम विकास समितियों को सशक्त बनाने 54 सदस्यों का लिया प्रशिक्षण

जशपुरनगर। ग्राम स्तर पर विकास कार्यों में समुदाय की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने और ग्राम विकास समितियों को अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से सृजन कार्यालय में एचडीएफसी परिवर्तन के सहयोग से 16 एवं 20 जुलाई 2026 को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण में बुतुंगा, राजपुर एवं बेतरा ग्राम के कुल 54 ग्राम विकास समिति सदस्यों ने भाग लिया।

■ नेतृत्व और सामूहिक निर्णय पर दिया गया जोर

प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को ग्राम विकास समिति की मूल अवधारणा, उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं उसके महत्व से अवगत कराना था। इस दौरान विशेषज्ञों ने समिति की भूमिका, सदस्यों की जिम्मेदारियों, नियमित बैठकों के आयोजन, सामूहिक निर्णय लेने की प्रक्रिया तथा कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में बताया गया कि एक मजबूत एवं सक्रिय ग्राम विकास समिति गांव की समस्याओं और आवश्यकताओं की पहचान कर उनके समाधान के लिए समुदाय को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साथ ही समिति विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करने, योजनाओं की निगरानी करने तथा समुदाय और संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का प्रभावी माध्यम बन सकती है।

सामूहिक निर्णय लेने की प्रक्रिया से अवगत कराया

कार्यक्रम के दौरान समूह चर्चा, सहभागितापूर्ण गतिविधियों एवं व्यवहारिक अभ्यास के माध्यम से प्रतिभागियों को नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क, समन्वय, संवाद कौशल तथा सामूहिक निर्णय लेने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों ने अपने-अपने गांवों के अनुभव साझा करते हुए ग्राम विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने ग्राम विकास समितियों को अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने, नियमित बैठकों में भागीदारी सुनिश्चित करने तथा गांव के समग्र विकास के लिए सामूहिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

वेतन कटौती के फैसले के खिलाफ शिक्षक संगठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव/जशपुर

वीएसके ऐप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति के आधार पर शिक्षकों का वेतन आहरित करने तथा कम उपस्थिति पर वेतन कटौती संबंधी डीपीआई के निर्देश का छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने कड़ा विरोध किया है। एसोसिएशन का कहना है कि जब तक ऐप की तकनीकी खामियां दूर नहीं होतीं और विद्यालयों के उपस्थिति पंजी का भौतिक सत्यापन नहीं किया जाता तब तक किसी भी शिक्षक का वेतन रोकना या काटना पूरी तरह अनुचित है।

■ वीएसके ऐप की खामियों पर बवाल

एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि प्रदेशभर में वीएसके ऐप में लोकेशन, नेटवर्क और समय पर उपस्थिति दर्ज न होने जैसी गंभीर तकनीकी समस्याएं बनी हुई हैं। कई शिक्षक समय पर स्कूल पहुंचने के बावजूद ऐप में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा पा रहे हैं। ऐसे में केवल ऐप के आधार पर वेतन कटौती का आदेश न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अब विद्यालयों में शिक्षक उपस्थिति पंजी में ऑफलाइन उपस्थिति का कोई महत्व नहीं रह गया है। जब प्रत्येक शिक्षक प्रतिदिन उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर रहा है, तो उसके सत्यापन के बिना केवल ऐप के आधार पर कार्रवाई करना उचित नहीं है। एसोसिएशन ने बताया कि अधिकांश शिक्षकों ने निजी डेटा सुरक्षा संबंधी आशंकाओं के बावजूद अपने निजी मोबाइल में वीएसके ऐप इंस्टॉल किया है। संगठन का स्पष्ट मत है कि यदि ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था लागू करनी ही है तो पूरे प्रदेश में बायोमेट्रिक मशीन के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने की समान व्यवस्था लागू की जाए।

जशपुर जिला इकाई के प्रांतीय पदाधिकारी अनिल रावत, एल.डी. बंजारा, जयेश सौरव टोपनो एवं जिलाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने शासन से मांग की है कि वे बायोमेट्रिक उपस्थिति के विरोधी नहीं हैं, लेकिन तकनीकी रूप से त्रुटिपूर्ण ऐप के आधार पर वेतन कटौती का दबाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। विद्यालयों के उपस्थिति पंजी का भौतिक सत्यापन कराया जाए और पूरे प्रदेश में बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था लागू की जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि वीएसके ऐप की तकनीकी खामियां दूर किए बिना वेतन कटौती का आदेश वापस नहीं लिया गया तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

बंदरचुआं स्कूल में एआई शिक्षण प्रशिक्षण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंदरचुआं में ई- शिक्षा पर आधारित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षण प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। 29 जुलाई से 4 अगस्त तक यह प्रशिक्षण विद्यालय में चलेगा। नवगुरूकुल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण में विद्यालय के 120 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। ज्वाइंट कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा और जिला शिक्षा अधिकारी और नरेंद्र कुमार सिन्हा के निर्देश पर आयोजित इस प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को तकनीक और नवाचार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

■ 120 विद्यार्थी सीखेंगे एआई का उपयोग

यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने बताया कि जिले के 15 विद्यालयों में यह प्रशिक्षण आयोजित हो रहा है। विद्यालयों में बैच में प्रत्येक विद्यार्थी को लगातार तीन दिनों तक ढाई -ढाई घंटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण आयोजन में नवगुरुकुल फाउंडेशन से दीपालोचनी कार्तिक और नीलम चौहान का विशेष योगदान है। विद्यालय की प्राचार्य कौशल्या साय, व्याख्याता अयोध किशोर गुप्ता की उपस्थिति में आज प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। पहले दिन प्रशिक्षकों प्रियंका ठाकुर एवं नीतू ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बुनियादी जानकारी दी। उन्होंने सरल उदाहरणों के माध्यम से बताया कि एआई क्या है, यह किन सिद्धांतों पर कार्य करता है तथा वर्तमान समय में इसका महत्व क्यों लगातार बढ़ रहा है। विद्यार्थियों को एआई के विकास की यात्रा से भी अवगत कराया गया, जिससे उन्हें इस तकनीक के क्रमिक विकास की जानकारी मिली।

व्यवहारिक प्रदर्शन

प्रशिक्षण के दौरान आधुनिक एआई टूल्स का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया, जिसमें गूगल, चैटजीपीटी और जैमिनी जैसे प्लेटफॉर्म का उपयोग जानकारी के साथ प्रभावी प्रॉम्प्ट तैयार करने की तकनीक सिखाई गई, ताकि वे एआई से अधिक सटीक और उपयोगी परिणाम प्राप्त कर सकें। प्रशिक्षण की शुरुआत एनर्जाइजर गतिविधि हुई, जिससे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और पूरे सत्र के दौरान नई तकनीकों को सीखने में रुचि दिखाई। प्रशिक्षण का समन्वय यशस्वी जशपुर के अवनीश पांडेय और कुनकुरी विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन पैंकरा, एबीईओ मारिया तिर्की ने किया।

एसीबी अधिकारी बनकर की आबकारी अधिकारी से शराब एवं नकदी की मांग, तीन गिरफ्तार

अम्बिकापुर। फर्जी एसीबी के अधिकारी बनकर आबकारी अधिकारी से शराब एवं नगदी रकम की मांग करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक थाना गांधीनगर में जिला आबकारी अधिकारी लक्ष्मीकांत गायकवाड़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 27 जुलाई को उसके मोबाइल नंबर पर अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन आया और स्वयं को एंटी करप्शन ब्यूरो का अधिकारी बताया। साथ ही कहा कि बाहर से अधिकारी निरीक्षण हेतु आ रहे हैं, जिनके लिए रेस्ट हाउस में भोजन की व्यवस्था की जा रही है तथा तत्काल 6 बोतल शराब एवं नगद राशि उपलब्ध कराई जाए। इधर बातचीत संदिग्ध प्रतीत होने पर आबकारी अधिकारी ने कोई शराब अथवा धनराशि उपलब्ध नहीं कराई गई और थाना गांधीनगर में तत्काल मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा मामले में त्वरित जांच प्रारंभ की गई। तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेही सौरभ प्रजापति को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। पूछताछ में ग्राम ठाकुरपुर में रहने वाले ग्राम अरगोती कुन्नी निवासी सौरभ प्रजापति आ.तारकेश्वर प्रजापति (24 वर्ष) ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि अपने साथी राजेशपुरी गोस्वामी के साथ सुभाष नगर शराब दुकान पहुंचा था जहां पर उनका साथी रंजित गुप्ता भी मिल गया जिसके बाद तीनों मिलकर योजना बनाये की आज शराब का पैसा नहीं देगे, जिसके बाद सौरभ प्रजापति द्वारा मोबाइल से आबकारी अधिकारी को फोन कर स्वयं को एसीबी का अधिकारी होने का धौंस दिखाया और छल पूर्वक 6 बोतल शराब नगदी रकम की मांग की गई। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना कर साक्ष्य संकलन करने में जुट गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी, सहायक उप निरीक्षक अभिषेक दुबे, आरक्षक विकास सिंह, अमृत सिंह, घनश्याम देवांगन सक्रिय रहे।

गुरु की महिमा सुनकर श्रद्धालु हुए भाव विभोर

गायत्री शक्तिपीठ में किया गया गुरु पूजन एवं गायत्री महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

गुरु पूर्णिमा पर गायत्री शक्तिपीठ में गुरु पूजन किया गया एवं गायत्री महायज्ञ का आयोजन रखा गया जिसमें श्रद्धालुओं ने गुरु पूजन किया एवं गायत्री महायज्ञ में गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र से आहुतियां प्रदान की। इसके अलावा जिले के सभी गायत्री प्रज्ञा पीठो में भी गुरुपूजन किया गया।

महायज्ञ संचालित करते हुए तुलिका पाठक ने कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि हमें ऐसे गुरु का सानिध्य मिला जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मानव मात्र के कल्याण सनातन संस्कृति के उत्थान में एवं गायत्री, यज्ञ संस्कार को घर घर पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि हमारे गुरु ने हर पल हर क्षण हमें सहारा दिया है। प्रज्ञावतार के रूप में मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग के अवतरण के उद्देश्य अनुरूप विराट गायत्री परिवार की स्थापना की। गुरु की महिमा सुनकर कई परिजन भाव विभोर हो गए। गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी साहदुल सिंह ने कहा कि गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने जीवन निर्माण से संबंधित 32 सौ पुस्तक का लेखन किया एवं युग निर्माण योजना का सूत्रपात करते हुए मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण का नारा देते हुए गायत्री परिवार की स्थापना की। गुरुपर्व पर हवन के दौरान सभी को अपनी एक एक बुराई छोड़ने का आवाहन किया गया।

एकलव्य की गुरु भक्ति की प्रेरणादायक कहानी सुनाकर किया प्रेरित

जिला मुख्यालय के भागलपुर आरा मिल स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में गुरु पूर्णिमा श्रद्धा, सम्मान एवं भावनात्मक माहौल के साथ मनाई गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुजनों का चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया तथा उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय के दिवंगत शिक्षक अनिल राम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। विद्यालय की शिक्षिका सुकृता टंडन ने विद्यार्थियों को एकलव्य की गुरु भक्ति की प्रेरणादायक कथा सुनाई। विद्यालय की प्रधान पाठक रूपा सिंह ने विद्यार्थियों को भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

शिक्षिका अनिता को गोल्ड कैटेगरी का सम्मान

जशपुरनगर। जिले में संचालित जश लर्न कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड कुनकुरी की प्राथमिक शाला गोरिया में पदस्थ सहायक शिक्षिका अनिता एक्का ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए गोल्ड कैटेगरी का सम्मान प्राप्त किया है। वे विकासखंड कुनकुरी की ऐसी अग्रणी शिक्षिका हैं, जिन्होंने जश लर्न कार्यक्रम के अंतर्गत यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अनिता एक्का ने कार्यक्रम के तहत सर्वाधिक ट्यूटरिंग कॉल कर विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को प्रभावी रूप से जोड़ा। उनकी सक्रियता, समर्पण और सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप बच्चों के गणितीय कौशल के विकास में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली। कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि अनिता एक्का की उपलब्धि जिले के अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

खबर संक्षेप

मां महामाया के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने शुरू की बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा

अम्बिकापुर। सावन माह शुरू होने से दो दिन पहले जिला मुख्यालय से बाबा बैजनाथ धाम देवघर के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था मंगलवार को रवाना हुआ। रवाना होने से पूर्व सभी श्रद्धालुओं ने सरगुजा की आराध्य देवी मां महामाया मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। बाबा 11 सेवा समिति के तत्वावधान में निकले इस जत्थे में करीब 20 से 25 श्रद्धालु शामिल हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि वे पिछले लगभग 25 वर्षों से लगातार सावन माह में बाबा बैजनाथ धाम जाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और दर्शन करते आ रहे हैं। इस धार्मिक परंपरा को समिति आज भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ निभा रही है। यात्रा में समिति के जयशंकर साहू, गांधी पासवान, जसवंत सिंह, अविनाश तिवारी, आशीष, सतीश यादव सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं में बाबा बैद्यनाथ के दर्शन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच श्रद्धालुओं का जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ। समिति के सदस्यों ने बताया कि बाबा बैजनाथ धाम पहुंचकर सभी श्रद्धालु विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक कर प्रदेश और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करेंगे।

गुरु रविदास की 650वीं जयंती पर चलेगा समरसता संकल्प अभियान

राजपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले देशव्यापी समरसता संकल्प अभियान की जानकारी देने के लिए राजपुर स्थित स्थानीय रेस्ट हाउस में जिला स्तरीय प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता को भाजपा के प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव ने अभियान के उद्देश्य और कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान 29 जुलाई से प्रारंभ होकर 20 फरवरी तक राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, मंडल और ग्राम स्तर पर संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य संत गुरु रविदास महाराज के समता, सामाजिक न्याय, मानवता, सेवा, सद्भाव और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना तथा विकसित भारत के निर्माण में सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करना है।उन्होंने कहा कि इसके अलावा कलश वंदन अभियान के तहत वाराणसी स्थित गुरु रविदास जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर की पवित्र मिट्टी से भरे कलश विभिन्न राज्यों, जिलों और गांवों तक पहुंचाए जाएंगे। यह कलश बुधवार को अंबिकापुर पहुंचेगा, जहां से संभाग और जिला स्तर पर वितरण किया जाएगा। इस दौरान प्रवीण अग्रवाल, जगवंशी यादव,धरम सिंह, दीपक मित्तल, संतोष तिवारी सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

वाड्रफनगर। बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से दो बाइक बरामद किया है। बताया जा रहा है कि नगर के वार्ड क्रमांक 9 निवासी सचीव कुशवाहा आ. भोला राम 24 जून की रात अपनी बाइक क्रमांक सीजी सीजी 30 सी 7930 को घर के बाहर रखकर सो गया था।

जाम लगने से राहगीर सहित क्षेत्र के लोग हलाकान

बतौली-बगीचा मार्ग की अधूरी पाइप पुलिया निर्माण ने बढ़ाई क्षेत्रवासियों की परेशानी

पाइप लगाने के लिए सड़क में खोदे गए गड्ढे।

वाहनों की लगी कतार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

राजकीय राजमार्ग बतौली से बगीचा जशपुर पहुंच मार्ग में अधूरे पाइप पुलिया निर्माण से नगरवासियों सहित राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। आलम यह है कि गड्ढे न सिर्फ लोगों के लिए खतरनाक बन गया है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। हैरानी की बात तो यह है कि सड़क के कीचड़ में तब्दील हो जाने के बावजूद पी डब्ल्यू डी विभाग पाइप पुलिया के निर्माण को लेकर गंभीर नहीं है जिसका खामियाजा मार्ग से गुजरने वाले राहगीर एवं क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

खास बातें

- पुलिया के लिए खोदे गए गड्ढे लोगों के लिए बना खतरनाक
- बारिश के बाद कीचड़ में तब्दील सड़क, पैदल चलना हुआ दूभर

राजकीय राजमार्ग बतौली से बगीचा जशपुर पहुंचने हेतु लगभग 16 किलोमीटर के जर्जर सड़क के नव निर्माण हेतु शासन द्वारा 33 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है जहां गर्मी में ही संबंधित विभाग द्वारा बतौली से बिलासपुर धान खरीदी केंद्र तक की 4 किलोमीटर जर्जर सड़क को पहले निर्माण किया जा रहा है जहां पुरानी सड़क को उखाड़ जेएसबी किया गया है उसकी हालत बारिश के बाद और भी दयनीय हो गई है। मुख्य सड़क में पानी जमाव को दूर करने विभाग द्वारा पाइप पुलिया का निर्माण वर्तमान में किया जा रहा है जबकि दूसरा पाइप पुलिया का निर्माण बिलासपुर पुलिया के समीप लगभग 400 मीटर की दूरी में किया जा रहा है। दोनों जगह गड्ढा खोदकर पाइप डाल पुलिया का निर्माण कर पानी जमाव को खत्म करने पहल तो किया गया लेकिन लापरवाही से आज बतौली स्थित दुकान के समीप अधूरे पाइप पुलिया निर्माण के कारण लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सुबह स्कूली वैन फंस जाने से जहां बच्चों को उतार पैदल ही कीचड़ के रास्ते से जाना पड़ा। इधर वैन के फंस जाने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई। मार्ग में इस तरह आए दिन जाम लगने के कारण राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

तेज आंधी बारिश से सेदम घाट सड़क पर गिरा विशाल पेड़, आवागमन प्रभावित

सोमवार की दोपहर बतौली क्षेत्र में आंधी बारिश से सेदम घाट सड़क पर विशाल महुआ का पेड़ गिर जाने से मार्ग अवरुद्ध हो गया जिससे लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में बारिश व तेज आंधी से सेदम से मैनपाट जाने वाली एकांगी मार्ग में महुआ का पेड़ दोपहर 3 बजे गिर गया। वर्षो पुराने पेड़ के गिर जाने से गोविंदपुर, मूर्तादांड़,बागपानी जाने वाले लोग प्रभावित रहे वही स्कूल जाने वाले छात्र छात्राओं को पैदल 4 किलोमीटर चल के जाना पड़ा जबकि दैनिक कार्यों से निकले लोगों को एकांगी मार्ग बंद होने से 20 किलीमीटर अतिरिक्त सफर कर घर जाना पड़ा। गनीमत था कि जिस समय पेड़ सड़क पर गिरा उस समय बारिश होने के कारण मार्ग से कोई था नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

दुर्घटना की संभावना

पाइप पुलिया के निर्माण के लिए पर्याप्त साधन उपलब्ध है लेकिन पी डब्ल्यू डी विभाग की सुस्त रवैया से कारण एक पाइप पुलिया का निर्माण करने महीनों लग रहा है। इधर पुलिया निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे अब राहगीरों के लिए दुर्घटना का कारण बन सकता है। निर्माणाधीन पाइप पुलिया के समीप सांकेतिक चिन्ह भी नहीं लगाया गया है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसे में पुलिया का निर्माण जल्द नहीं किया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

कीचड़ से सराबोर सड़क, पुलिया मरम्मत की मांग

पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क की जर्जर हालत को दूर करने 33 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण तो करा रहा है लेकिन जेएसबी करने के बाद बतौली में हो रही लगातार बारिश से बतौली चौक से कॉलेज पहुंच मार्ग तक की सड़क कीचड़ से सराबोर है। ऐसे में कीचड़ में तब्दील सड़क से छात्राओं को पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। लगातार बारिश से अधूरे पुलिया निर्माण के कारण आए दिन जाम की स्थिति भी निर्मित हो रही है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से अधूरे पुलिया निर्माण को जल्द निर्माण कर स्थिति में सुधार करने की मांग की है जिससे राहगीरों को आवागमन करने में सहूलियत हो सके।

जर्जर सड़क एवं क्षतिग्रस्त पुल को लेकर युवाओं ने किया सांकेतिक चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम संजयनगर से बनारस मार्ग तक जर्जर पड़ी सड़क और ग्राम राजापुर–कैलाशपुर के बीच बेलसोता नाला पर क्षतिग्रस्त पुल की समस्या को लेकर सोमवार को क्षेत्र में जनआक्रोश खुलकर सामने आया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत युवा कांग्रेस के नेतृत्व में संजयनगर महावीरपुर स्थित एनएच 43 पर ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

- सूरजपुर एसडीएम से 15 दिनों में वैकल्पिक व्यवस्था का आश्वासन मिलने पर स्थगित किया गया आंदोलन

प्रदर्शन के दौरान लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जल्द सड़क और पुल की समस्या का समाधान करने की मांग उठाई। प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना था कि लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं के अभाव में क्षेत्र की जनता परेशान है, लेकिन बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद जिम्मेदार विभागों ने अब तक कोई ठोस पहल नहीं की। इसी नाराजगी के चलते लोगों को सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि ग्राम संजयनगर से बनारस मार्ग तक की सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे और उखड़ी हुई सड़क के कारण रोजाना राहगीरों, स्कूली बच्चों, बाइक सवारों और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिसकी अनदेखी आम जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ है। राजापुर और कैलाशपुर के बीच स्थित बेलसोता नाला पर बना पुल लगभग एक वर्ष पहले क्षतिग्रस्त हो गया था। बारिश के मौसम में पुल से आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है, जिससे कई गांवों का मुख्य मार्ग से संपर्क टूट जाता है। ग्रामीणों को कई किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता है। पुल निर्माण की स्वीकृति और तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में रपटा निर्माण की मांग भी कई बार प्रशासन से की गई, लेकिन अब तक कोई कार्य शुरू नहीं हुआ। हाल ही में कलेक्टर सूरजपुर को भी आवेदन देकर सड़क की तत्काल मरम्मत और बेलसोता नाला पर पुल निर्माण अथवा वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की गई थी। बावजूद इसके प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई नहीं होने से क्षेत्रवासियों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। चक्काजाम की सूचना मिलते ही सुरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल, लटोरी तहसीलदार तक्षशिला जायसवाल, एसडीओपी अभिषेक पैकरा, जयनगर प्रभारी थाना प्रभारी सोहन सिंह, लटोरी चौकी प्रभारी सुनील सिंह, पीएमजीएसवाई के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। इस दौरान सूरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल ने 15 दिनों के भीतर बेलसोता नाला पर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत शुरू हुए ग्राम पंचायत कंदरई बासेनपारा में सड़क मरम्मत कार्य व संजयनगर महावीरपुर में बनारस बाई पास मार्ग का मरम्मत कराने आश्वासन दिया है। प्रशासन के आश्वासन उपरांत आंदोलन को स्थगित कर दिया गया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह, संजय डोसी, वेद प्रकाश मिश्र, बबीता गुप्ता, लिली राजवाड़े, कंवल बिहारी टेकाम, प्रेम , सुनील, संजीत, अभिषेक, विनय, तपन, राहुल सिंह, अभय लकड़ा, गोविंदा, विक्की वैष्णव व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आत्मनिर्भर बनाने दिव्यांग परिवार को ब्राह्मण समाज ने दी 30 हजार की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज ने सामाजिक सरोकार, सेवा भावना एवं मानवीय संवेदनाओं का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बतौली विकासखंड अंतर्गत ग्राम सुवार पारा निवासी दिव्यांग विप्र राजेश कुमार शुक्ला को समाज के सहयोग से 30 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की। यह सहायता समाज के अध्यक्ष आई. बी. तिवारी एवं महिला समिति की संभागीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में पहुँचे प्रतिनिधिमंडल ने उनके निवास पर प्रदान की।

प्रतिनिधिमंडल ने राजेश कुमार शुक्ला एवं उनके परिवार की परिस्थितियों का अवलोकन किया तथा उनसे आत्मीय चर्चा कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि प्राप्त सहयोग राशि का उपयोग शेड निर्माण एवं बिजली कनेक्शन के लिए करें, ताकि उनकी आटा चक्की एवं स्पेलर मशीन का संचालन शीघ्र प्रारंभ हो सके और वे स्वयं के रोजगार के माध्यम से सम्मानपूर्वक अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। समाज के वरिष्ठ सदस्य बतौली निवासी जीतेश्वर पाठक से पदाधिकारियों ने अपने मार्गदर्शन एवं देखरेख में दिव्यांग परिवार के स्वरोजगार को शीघ्र प्रारंभ कराने में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया तथा कहा कि आर्थिक सहायता तभी सार्थक होती है, जब वह किसी परिवार को स्थायी रूप से आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम बने। समाज के अध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि सरगुजा संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज केवल सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के जरूरतमंद परिवारों के सुख-दुःख में सहभागी बनकर उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने समाज के सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक संवेदना, सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचायक है। महिला समिति की संभागीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकजुटता और परस्पर सहयोग की भावना में निहित होती है। उन्होंने समाज के सदस्यों से इसी प्रकार जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस दौरान सचिव बच्चू तिवारी, सत्येंद्र तिवारी, देवकी त्रिपाठी, ज्योति द्विवेदी, स्मिता तिवारी, देवेश शुक्ला, अभिषेक शर्मा, विकास पांडेय, बृजेश ओझा, कृपासिंधु मिश्रा, प्रेम शंकर द्विवेदी, राजीव मिश्रा एवं रविंद्र तिवारी उपस्थित रहे।

- ब्राह्मण समाज ने सेवा, संवेदना और सामाजिक एकता का दिया संदेश

ई-टिकटों के अवैध कारोबारी गिरफ्तार

रायगढ़। रेलवे सुरक्षा बल ने अवैध रूप से रेलवे ई-टिकट बनाने के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए एक मोबाइल एवं फोटो कॉपी दुकान संचालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच में सामने आया कि वह बिना किसी वैध अधिकृत लाइसेंस के पिछले करीब तीन वर्षों से रेलवे ई-टिकट बनाकर प्रत्येक टिकट पर अतिरिक्त कमीशन वसूल रहा था। मिली जानकारी के अनुसार, 25 जुलाई 2026 को प्रभारी आरपीएफ की टीम ने जूटमिल थाना पुलिस के सहयोग से कबीर चौक, उड़ीसा रोड स्थित महेंद्र मोबाइल फोटो कॉपी नामक दुकान पर दबिश दी। सूचना मिली थी कि दुकान में अवैध रूप से रेलवे ई-टिकट बनाए जा रहे हैं। जांच के दौरान दुकान संचालक प्रेमसागर साहू 35 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 34, कबीर चौक से पूछताछ की गई। उसकी सहमति से दुकान में रखे कंप्यूटर की जांच की गई। जांच में एक व्यक्तिगत यूजर आईडी से बनाए गए 15 रेलवे ई-टिकट मिले।

जमीन बिक्री का सौदा कर किसी अन्य को बेच दी भूमि, जुर्म दर्ज

बिश्रामपुर। जमीन बेचने के नाम पर लाखों रुपए की कथित ठगी का मामला सामने आया है। जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोरेया की भूमि के सौदे में अग्रिम राशि लेने के बावजूद जमीन किसी अन्य व्यक्ति के नाम रजिस्ट्री कर देने का आरोप लगाते हुए बलरामपुर निवासी एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

जयनगर थाना में दर्ज शिकायत में प्रार्थिया 35 वर्षीय मीना राजवाड़े पति नारायण राम निवासी ग्राम पंचायत बलरामपुर बिश्रामपुर ने बताया कि एसईसीएल द्वारा उनकी जमीन अधिग्रहित किए जाने के बाद परिवार अपने पिता के लिए नया मकान बनाने हेतु दूसरी जमीन की तलाश कर रहा था। इसी दौरान उनके मामा हृदय राजवाड़े ने ग्राम कोरेया में सड़क किनारे स्थित 22 डिसमिल भूमि की जानकारी दी। बताया गया कि यह भूमि गंगोत्री पत्नी सोनसाय के नाम पर दर्ज है और मकान निर्माण के लिए उपयुक्त है। शिकायत के अनुसार 29 दिसंबर 2021 को मीना राजवाड़े उनके पिता राजनाथ, मामा हृदय राजवाड़े, पति नारायण राम तथा अन्य परिजन सोनसाय के घर पहुंचे। बातचीत के दौरान सोनसाय ने स्वयं को भूमि का प्रबंधनकर्ता बताते हुए 22 डिसमिल भूमि, खसरा नंबर 1299/2 की कीमत 16 लाख रुपए तय की। सौदा पक्का होने पर मीना राजवाड़े ने बयाना दिया। इसके बाद आरोपी ने कथित रूप से अपनी पत्नी के इलाज का हवाला देकर तत्काल पैसों की आवश्यकता बताई और रजिस्ट्री के समय राशि समायोजित करने का भरोसा दिया। शिकायत के मुताबिक 7 मार्च 2022 को 1 लाख रुपए, इसके अलावा 20-20 हजार रुपए की दो और किश्तें दी गईं। इस तरह कुल 1 लाख 41 हजार रुपए आरोपी को दिए गए। मामले में नया मोड़ तब आया जब खरीदार पक्ष भूमि की चौहद्दी और दस्तावेजों की जांच कराने पटवारी के पास पहुंचा। वहां जानकारी मिली कि संबंधित भूमि पर आरोपी के सास-ससुर की दो कब्रें बनी हुई हैं।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि सौदा करते समय इस तथ्य को जानबूझकर छिपाया गया था। इसके बाद उन्होंने जमीन खरीदने से इनकार कर दिया और अपनी अग्रिम राशि वापस मांगी। आरोप है कि 10 जुलाई 2023 को उसी भूमि की रजिस्ट्री अन्य खरीदारों के नाम कर दी गई, फिर भी मीना राजवाड़े को उनके 1.41 लाख रुपए वापस नहीं किए गए। महिला का कहना है कि पिछले तीन वर्षों से वह लगातार अपनी राशि वापस मांग रही थीं, लेकिन आरोपी हर बार आज-कल का बहाना बनाकर टालता रहा। अंततः न्याय नहीं मिलने पर उन्होंने जयनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पर आरोपी सोनसाय के विरुद्ध धारा 420 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

स्कूल परिसर में धरने पर बैठे पूर्व भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष, पकड़ कर थाने ले गई पुलिस

रायगढ़। सरस्वती साइकिल योजना के तहत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल राजपुर में छात्राओं को वितरित की जा रही साइकिलों की गुणवत्ता को लेकर विवाद खड़ा हो गया। सामाजिक कार्यकर्ता व आदिवासी नेता रवि भगत ने साइकिलों को अमानक और गुणवत्ताहीन बताते हुए उनके वितरण का विरोध किया तथा स्कूल परिसर में ही धरने पर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने मांग की कि जब तक साइकिलों की गुणवत्ता की जांच नहीं हो जाती, तब तक उनका वितरण रोका जाए। इस दौरान रवि भगत ने आरोप लगाया कि छात्राओं को दी जा रही साइकिलें निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं हैं। उनका कहना था कि अधिकांश छात्राओं को साइकिल का मूल बिल, वारंटी कार्ड और अन्य आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। उनका आरोप है कि यह मामला केवल खराब गुणवत्ता तक सीमित नहीं है।

संत रविदास के सामाजिक समरसता का संदेश घर-घर पहुंचाएगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं समरसता संकल्प अभियान के प्रदेश संयोजक अखिलेश सोनी ने संकल्प भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा एकमात्र राजनीतिक पार्टी है जो एक वैचारिक आंदोलन भी है। यह वैचारिक आंदोलन हमें प्रेरित करता है कि समाज को जोड़ने का काम कैसे करें।

एक तरफ ऐसी शक्तियां है जो भारत विरोधी ताकतों के साथ मिलकर देश को कमजोर करने का प्रयास कर रही है समाज में जाति, भेदभाव के नाम से राजनीति करती है लेकिन भाजपा की प्रतिबद्धता है समाज में एकता सामाजिक समानता, सामाजिक न्याय और समावेशिता। इसी प्रतिबद्धता के निमित्त भाजपा देशव्यापी अभियान शुरू कर रही है। संत रविदास की जयंती से पूरे देश में यात्रा होगी, संपर्क होगा और गुरू रविदास के जीवन से जुड़े दर्शन उनके विचारों को लेकर हम पूरे देश में जाने वाले है। उन्होंने कहा कि सरल बातों में महत्वपूर्ण बातें कैसे कही जाती है यह हमें गुरू रविदास बताते हैं। मीरा बाई उनकी शिष्या रही, रामानंद के वे शिष्य रहे, कबीर, रविदास, गुरू नानक हमारे इतिहास के प्रहरी है। आज हमें उनसे सीखने की आवश्यकता है। हमारा परिवार है, हमारा दर्शन, हमारा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद है, हमारा सिविलाइजेशन है और उस सिविलाइजेशन कॉन्शनेस के माध्यम से भाजपा ने बड़ा ही पावन पवित्र काम हाथ में लिया है। इस अभियान के तहत पूरे देश में कलश यात्रा निकलेगी, छात्रावास में हम संपर्क करेंगे। संत रविदास हमारे लिए प्रेरणापुंज है। सामाजिक एकता का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहेब अंबेडकर से जुड़े सभी स्थानों को तीर्थ का दर्जा दिया। आज पूरे देश में भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हो जाती है, ऐसे में एक सक्रिय नागरिक होने के नाते सामाजिक समरसता हम सबका दायित्व है। श्री सोनी ने कहा कि अगले वर्ष की माघ पूर्णिमा तक संत गुरू रविदास के जन्म जयंती तक हमारा यह अभियान सक्रियता से चलेगा और पूरी पार्टी समाज के हर वर्ग में जाकर सुनिश्चित करने का काम करेगी कि कैसे हम आज भी संत गुरू रविदास के संदेश से प्रेरणा लें और समाज में एकता और समानता का संदेश दें। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, प्रदेश प्रवक्ता एवं कार्यक्रम प्रभारी संतोष दास, जिला महामंत्री विनोद हर्ष, अरूणा सिंह, गुरू पूर्णिमा जिला प्रभारी विद्यानंद मिश्रा, मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे एवं जन्मेजय मिश्रा आदि उपस्थित थे।

दिवाली से पहले आएगा लव एंड वॉर का फर्स्ट लुक

नई दिल्ली। संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर इस वक्त सबसे बड़ी और सबसे ज्यादा इंतजार की जा रही फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 21 जनवरी 2027, यानी रिपब्लिक डे वीकेंड पर दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। भंसाली के शानदार स्टोरीटेलिंग स्टाइल और भव्य विजुअल्स से सजी यह फिल्म दर्शकों को बड़े पर्दे पर एक शानदार और इमोशनल अनुभव देने वाली है। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी। इसी बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। फिलहाल फर्स्ट लुक पर काम चल रहा है और उम्मीद है कि इसे दिवाली 2026 से पहले रिलीज कर दिया जाएगा।

लाइफ Style

निहारिका

इंटीमेट सीन के चक्कर में हाथ से गई फिल्म

निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से बॉलीवुड डेब्यू करने को तैयार हैं। इस बीच उन्होंने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। कंटेंट क्रिएटर के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाली निहारिका एनएम ने साल 2023 में अमेरिकी सिटकॉम 'बिग माउथ सीजन 7' में गेस्ट वॉइस रोल के साथ अपने करियर को ग्लोबल लेवल पर पहुंचाया।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक्टिंग सफर की शुरुआत पिछले साल तमिल फिल्म 'पेरुसु' से हुई थी। इसके बाद उन्होंने मित्रा मंडली और इधयम मुरली में भी काम किया। अब वे बॉलीवुड में डेब्यू करने की तैयारी कर रही हैं। निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से हिंदी फिल्मों में बोहनी कर रही हैं। वे राघव जुयाल के साथ स्क्रीन साझा करती दिखेंगी। इस बीच अभिनेत्री ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका कहना है कि इंटीमेसी क्लॉज की वजह से उन्हें एक फिल्म से हाथ धोने पड़े थे। वे बोल्ड सीन करने के तैयार नहीं थीं। एक घटना को याद करते हुए वे बताती हैं, 'एक फिल्म मुझे करनी थी। इसे एक बहुत बड़े डायरेक्टर बना रहे थे। उन्होंने मुझे खुद चुना था। मैंने उस रोल के लिए ऑडिशन दिया था और लुक टेस्ट भी हो गया था'। निहारिका ने आगे कहा, 'मेरे घर पर कॉन्ट्रैक्ट भेजा गया था और मैंने उस पर साइन कर दिया। उसमें इंटीमेट सीन से जुड़ी एक शर्त थी और मैंने उन्हें बता दिया था कि मैं ऑन-स्क्रीन इंटीमेसी करने में सहज नहीं हूं। वे इसके लिए तैयार थे और बॉडी डबल का इस्तेमाल करने की योजना बना रहे थे। लेकिन, एक्टर बॉडी डबल के साथ वह सीन करने के लिए तैयार नहीं थे।

हॉलीवुड मसाला

स्पाइडर-मैन ... से किसिंग सीन हटे

मुंबई। फिल्म 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' 31 जुलाई को रिलीज होने जा रही है। भारत में भी फिल्म रिलीज होगी। सेंसर बोर्ड ने तीन बदलावों के निर्देश के बाद भारत में 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' की रिलीज को मंजूरी दे दी है। इन बदलावों के बावजूद फिल्म की पीटर पार्कर वाली डार्क कहानी और एक्शन सीन वैसे ही रहेंगे। बता दें कि 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' भारतीय सिनेमाघरों में इस गुरुवार को रिलीज होगी। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने इसे यूए 13+ सर्टिफिकेट के साथ रिलीज करने की मंजूरी दे दी है।

एवेंजर्स डूम्सडे का ट्रेलर कल होगा रिलीज...

नई दिल्ली। एवेंजर्स डूम्सडे फिल्म का बजट 4500 करोड़ रुपए है। इसमें ऐसे 23 सुपरहीरो हैं जो दुनिया के सबसे खतरनाक विलेन से टकराने जा रहे हैं। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर विशेष रूप से 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' के साथ दिखाया जाएगा, जो 30 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ट्रेलर फिल्म के सभी भाषा संस्करणों के साथ दिखाया जाएगा, जिससे दर्शकों और इस भव्य सुपरहीरो फिल्म के प्रशंसकों को एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव मिलेगा। मार्वल स्टूडियो की 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का निर्देशन एंथनी रूसो और जो रूसो ने किया है।फिल्म का निर्माण केविन फेग, लुई डी'एस्पोसिटो और जोनाथन श्वार्ट्ज ने किया है।फिल्म में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, क्रिस इवांस, क्रिस हेम्सवर्थ, पेड्रो पास्कल, पॉल रुड, एंथनी मैकी, फ्लोरेंस प्यू, वनेसा किर्बी, एबन मॉस-बाकरैक आदि नजर आएंगे।

मॉम-2 में खुशी निभाएंगी लीड रोल...

मुंबई। महान अभिनेत्री श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम'2017 में आई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब करीब 9 साल बाद इसका सीक्वल बनने जा रहा है, जिसको लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। खुशी कपूर अब फिल्म 'मॉम 2' में लीड रोल निभाने जा रही हैं। यह 2017 की हिट फिल्म मॉम का सीक्वल है और इसे नवंबर 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी है। इस फिल्म को उनके पिता बोनी कपूर प्रोड्यूस कर रहे हैं, और इसकी शूटिंग नोएडा और ग्रीस में हुई है। 'मॉम 2' का कनेक्शन श्रीदेवी के उस यादगार किरदार से जुड़ा होगा, जिसने उन्हें खास पहचान दिलाई थी। 'मॉम' श्रीदेवी की आखिरी फिल्म थी, ऐसे में यह प्रोजेक्ट खुशी कपूर के लिए काफी इमोशनल और खास माना जा रहा है, क्योंकि वह अपनी मां की विरासत को आगे बढ़ाती नजर आएंगी।

बंटवारा 1947 का ट्रेलर है दमदार

मुंबई। आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म 'बंटवारा 1947' में सनी देओल लीड रोल में हैं। सोमवार को इस फिल्म का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर में 1947 के बंटवारे का समय दिखाया गया है। इसमें एक परिवार की कहानी है, जिसकी जिंदगी बंटवारे की हिंसा, डर और जबरन पलायन की वजह से बदल जाती है। जो लोग कभी साथ रहते थे, वो अब बंटवारे के कारण बिछड़ गए हैं। इसी बीच सनी ट्रेलर में एक ऐसे शख्स के किरदार में नजर आते हैं, जो किसी भी हाल में अपने जमीर से समझौता नहीं करता है। वहीं, शबाना आजमी एक बुजुर्ग महिला के रोल में हैं, जो इंसानियत पर सबका भरोसा बनाए रखती हैं। प्रीति जिंटा भी ट्रेलर में नजर आती हैं, वह बंटवारे के मुश्किल दौर का सामना मजबूती से करती नजर आती हैं।

टीवी मसाला

एल्विश-तेजस्वी व आरुष संभालेंगे प्लेग्राउंड सीजन-5 का कमान

नई दिल्ली। गेमिंग रियलिटी शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' अपने अब तक के सबसे बड़े और खास फॉर्मेट के साथ वापसी के लिए तैयार है, जिसमें तीन मेंटर्स का एक पैनल शामिल होगा। दो बार के चैंपियन एल्विश यादव 'केओ क्रैकेंस' की कमान संभालेंगे, जबकि तेजस्वी प्रकाश 'रेजिंग सेंटॉर्स' की मेंटर के तौर पर डेब्यू करेंगी। उनके साथ आरुष भोला भी होंगे, जो 'पावर फीनिक्स' की जिम्मेदारी संभालेंगे। छह हफ्ते तक चलने वाले इस सीजन 5 में तीन टीमें जबर्दस्त मुकाबला करेंगी, ताकि आखिर में सिर्फ एक 'मास्टरमाइंड' विजेता बन सके। शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का ट्रेलर सोमवार का जारी हो चुका है। 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का प्रीमियर 1 अगस्त को होगा। यह प्राइम वीडियो की तरफ से एमएक्स प्लेयर पर खास तौर से मुफ्त में स्ट्रीम किया जाएगा। ट्रेलर की शुरुआत में सभी मेंटॉर अपनी-अपनी दुनिया में खोए हुए दिखते हैं। तभी अचानक उनके आस-पास की असलियत में गड़बड़ी होने लगती है। एक-एक करके उन्हें एहसास होता है कि उन्हें मेंटॉर के तौर पर लॉक कर दिया गया है। सीधे असल जिंदगी वाले गेमिंग की दुनिया में खींच लिया गया है, जहां उन्हें एक-दूसरे का मुकाबला करना है। इस कॉम्पिटिशन में धीरे-धीरे ढलने का कोई समय नहीं है। मेंटॉर को हालात के हिसाब से खुद को ढालना होगा। अपग्रेड करना होगा और अपना दबदबा बनाना होगा, क्योंकि इस गेम में सब कुछ एक पल में खत्म हो सकता है।

मैं अपने घर की डोर मैट थी : शिल्पा

नई दिल्ली। शिल्पा शिंदे ने 'लॉकअप 2' हालिया एपिसोड में दूसरे प्रतियोगियों के सामने अपने बिगड़ चुके पारिवारिक रिश्तों का जिक्र किया। एक्ट्रेस ने बताया कि जब उनकी कंधे की सर्जरी हुई तो उन्हें उनके ही घर से निकाल दिया गया था। शिल्पा शिंदे 'लॉकअप 2' में कहती हैं, 'हर्षद चोपड़ा आपको मैंने पहले चेताया था कि लोग आपका इस्तेमाल करते हैं। डोर मैट की तरह इस्तेमाल करते हैं। मैं भी अपने घर की डोर मैट थी। कुछ साल पहले मेरे कंधे की सर्जरी हुई थी। सर्जरी के पांच दिन बाद मुझे मेरे ही घर से निकाल दिया गया था। आपको लगेगा कि क्या मेरे परिवार वाले इतने बुरे हैं। तो देखिए, मेरे लिए ऐसी सिचुएशन बना दी गई थी। उन्हें पता था कि मैं सेल्फ रेस्पेक्ट वाली लड़की हूं। इसलिए मैं अपना घर छोड़ दिया। दरअसल, मेरा भाई अपनी वाइफ के इंफ्लुएंस में आ गया था और मेरी मां भाई की बातों को मानती थीं।' कुछ हफ्ते पहले योगेश रावत शो से बाहर हुए थे। अब सूफी मोतीवाला और धीरज कपूर भी शो से बाहर हो चुके हैं।

सावन की दस्तक से पहले 'मैं दीवानी महाकाल की' गाना रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अदाकारा अक्षरा सिंह अपनी गायिकी के लिए भी मशहूर हैं। सावन की दस्तक से पहले उन्होंने महादेव को समर्पित भक्ति सॉन्ग रिलीज किया है। भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन अक्षरा सिंह अब बॉलीवुड में पहचान बना चुकी हैं। उन्हें अक्षय कुमार के साथ 'वेलकम टू द जंगल' के एक गाने में देखा गया था। इसके अलावा उन्हें श्रद्धा कपूर की आगामी फिल्म 'ईठा' में देखा जाएगा। इस बीच अक्षरा अपने नए गाने को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। सावन का महीना शुरू होने वाला है। कोई भी त्योहार हो, भोजपुरी इंडस्ट्री में नए गानों की खूब बहार आती है। खेसारी लाल यादव से लेकर अक्षरा सिंह, पवन सिंह तक कई सितारे सावन के महीने में नए गाने लेकर आते हैं। अक्षरा सिंह ने यह सिलसिला शुरू कर दिया। उनका गाना 'मैं दीवानी महाकाल' की सोमवार को रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह अदाकारी के साथ-साथ सिंगिंग में भी माहिर हैं। अब उन्होंने अपने फैंस को नए गाने का तोहफा दिया है। यह भक्ति सॉन्ग अक्षरा सिंह के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। अक्षरा सिंह गाने में महादेव की भक्ति के रंग में रंगी दिख रही हैं। आर्मी प्रिंट आउटफिट में वे बुलेट पर सवार होकर जा रही हैं। रुद्राक्ष की माला धारण कर वे यह गाना गुनगुना रही हैं। इसके बाद शिवलिंग के आगे बैठकर पूजा करती हैं और फिर कुछ साधु-संतों से मिलकर आशीर्वाद लेती हैं। बता दें कि अक्षरा सिंह महादेव की भक्त हैं। अक्सर वे काशी विश्वनाथ दर्शन करने जाती हैं। इस गाने की रिलीज से पहले अभिनेत्री अपनी मां के साथ उज्जैन महाकाल के दर्शन करने पहुंची थीं। अक्षरा के गाने पर फैंस की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर्स ने लिखा है, 'हम बहुत दिनों से आपके गाने का इंतजार कर रहे थे'।

अजीब हिंदी फिल्मों में गिनी जाती है नीचा नगर, बनाया था ऐसा रिकॉर्ड जो आज तक कोई नहीं तोड़ पाया

नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा की ऑडियंस आज ज्यादा से ज्यादा ऑथेन्टिक और ऑरिजनल फिल्मों की डिमांड कर रही है। हालांकि, बीच में एक लंबे वक्त तक सिर्फ एक ही नपे-तुले ढर्रे पर बनाई गई फिल्मों को ही लोगों ने प्यार दिया है। हालांकि, बात अगर 70-80 के दशक की करें तो उन दिनों बॉलीवुड डायरेक्टर्स ज्यादा से ज्यादा क्रिएटिव होने की कोशिश कर रहे थे। आज हम आपको ऐसी ही एक बहुत यूनिक फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं। आज अगर इस तरह की फिल्म बनाई जाए, तो ज्यादा संभावना इस बात की है, कि यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट जाएगी, लेकिन उन दिनों इस फिल्म ने कामयाबी के झंडे गाढ़ दिए थे। बल्कि, सच तो यह है कि अगर आपने गलती से कभी इस फिल्म की क्लिप्स रील्स में देखी होंगी तो शायद कोई क्रिंज पिक्चर समझकर आगे बढ़ गए होंगे। ज्यादातर लोग अभी भी इसे बहुत अजीब फिल्म समझते हैं, वजह है इसका बहुत अलग होना।

1946 में कर दिया ऐसा कमाल

जितनी दिलचस्प इस फिल्म की कहानी है, उससे कहीं ज्यादा दिलचस्प है इसे बनाने वाले डायरेक्टर की कहानी। इस फिल्म के डायरेक्टर चेतन आनंद थे, जिन्हें आज भी ज्यादातर लोग देव आनंद का भाई समझते हैं। हालांकि, उनकी अपनी अलग पहचान थी और कम लोग जानते हैं कि चेतन भारतीय सिनेमा की पहचान माने जाने वाले सत्यजीत रे की प्रेरणा थे। दरअसल, चेतन ने साल 1946 में अपनी फिल्म 'नीचा नगर' के जरिए वो करिश्मा कर दिखाया था, जो आज भी कोई दूसरी हिंदी फिल्म नहीं कर पाई है। चेतन की इस फिल्म ने कान फिल्म फेस्टिवल में ग्रांड प्राइज जीता था।

फिल्म जिसमें हर कोई कविता में करता है बात

उनकी इसी उपलब्धि के बाद सत्यजीत रे ने उन्हें लेटर लिखा कि आपकी वजह से मुझे फिल्म बनाने की हिम्मत मिली है। इतनी बड़ी कामयाबी के बाद चेतन आनंद ने एक और मील का पत्थर रखने का फैसला किया था। उन्होंने 1970 में तय किया कि वह एक ऐसी फिल्म बनाएंगे, जिसका हर डायलॉग किसी कविता की तरह होगा। इस फिल्म में कोई हल्की-फुल्की स्टार कास्ट नहीं थी। राज कुमार, पृथ्वीराज कपूर और प्राण जैसे कमाल के एक्टर्स को कास्ट करके उन्होंने एक ऐसी फिल्म बना डाली, जिसमें हर कोई कविताओं में बात करता नजर आता है।

हॉलीवुड स्टार्स के बाद किया था लक्स का ऐड

16 साल में हुई शादी, बनीं हिंदी सिनेमा की पहली ग्रेजुएट एक्ट्रेस

नई दिल्ली। बॉलीवुड ने कई अभिनेत्रियों ने अपने अभिनय और अपनी कलाकारी से अपना बड़ा नाम बनाया है। लेकिन, आज हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं, वो अपने समय में एक मिसाल थी और उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए नए रास्ते बनाए। उन्हें हिंदी फिल्म जगत की पहले ग्रेजुएट एक्ट्रेस कहा जाता है। उन्होंने उस पॉपुलर ब्यूटी सोप का ऐड किया, जो उनसे पहले केवल हॉलीवुड की सुंदरियां ही करती थीं। प्रोफेशनल फ्रंट पर सफलता के बावजूद उनका निजी जीवन काफी संघर्षों से भरा रहा।

कौन हैं वो एक्ट्रेस?

हम बात कर रहे हैं बीते जमाने की मशहूर अभिनेत्री लीला चिटनिस की। लीला चिटनिस ने बॉलीवुड में 1930 से 1980 के दशक तक काम किया। उनका जन्म 1909 में हुआ था। ये उन चुनिंदा महिला अभिनेताओं में से थीं जो ग्रेजुएट (आर्ट्स में बैचलर) थीं। वह पहली फीमेल एक्टर थीं, जो ग्रेजुएट थी। उनके पिता इंग्लिश लिटरेचर के प्रोफेसर थे। उन्होंने लीला की शादी 16 साल की उम्र में ही तय कर दी थी।

शादीशुदा जिंदगी

लीला चिटनिस ने गजानन यशवंत चिटनिस से शादी की, जो एक डॉक्टर थे और उसी ब्रह्म समाज समुदाय से थे, जिससे उनका परिवार जुड़ा था। शादी के बाद उनके चार बेटे हुए। उनकी राजनीतिक सोच भी एक जैसी थी। उन्होंने एक बार मशहूर मार्क्सवादी स्वतंत्रता सेनानी एम.एन. रॉय को अपने घर में पनाह दी थी और ब्रिटिश राज के खिलाफ भारत की आजादी की लड़ाई में अपना योगदान दिया था।

शराब पीने वाले पति से हो गईं अलग

हालांकि, शादी सफल न हो पाने के कारण आखिरकार वह अपने शराब पीने वाले पति से अलग हो गईं। वापस लौटने पर, उन्हें अकेले ही अपने चार छोटे बेटों की परवरिश करने की मुश्किल चुनौती का सामना करना पड़ा। उस समय ग्रेजुएट होने वाली चुनिंदा महिलाओं में से एक होने के नाते, उन्होंने एक स्कूल में पढ़ाना शुरू किया। हालांकि, प्रोग्रेसिव मराठी ग्रुप 'नाट्यमन्वंतर' के साथ थिएटर की ट्रेनिंग लेने के कारण, उन्हें एक्टिंग में ही अपना असली मकसद मिला।

फिल्मों में शुरुआती संघर्ष

हिंदी सिनेमा में लीला चिटनिस का सफर आसान नहीं था। 'जेंटलमैन डाकू' (1937) में ब्रेक मिलने से पहले उन्होंने कई फिल्मों में एक्स्ट्रा (सहायक कलाकार) के तौर पर काम किया। इस फिल्म में उन्होंने पुरुष के वेश में एक्शन सीन भी किए थे। 1939 में 'कंगन' की बॉक्स ऑफिस सफलता के साथ ही उन्होंने आखिरकार एक लीड एक्ट्रेस के तौर पर अपनी जगह बनाई। फिल्म में उन्होंने एक हिंदू पुजारी की बेटी का किरदार निभाया, जो अपने पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर एक स्थानीय जमींदार के बेटे से प्यार करने लगती है।

कंगन को मिली जबरदस्त कामयाबी

बॉम्बे टॉकीज, वह मशहूर प्रोडक्शन हाउस जिसने इस फिल्म को सपोर्ट किया था, समाज की स्थापित मान्यताओं को चुनौती देने वाली फिल्में चुनने की वजह से मुश्किल दौर से गुजर रहा था। 'कंगन' फिल्म की जबरदस्त कामयाबी के बाद, लीला ने उस दौर की मशहूर अभिनेत्री देविका रानी की जगह ले ली। लीला चिटनिस ने बॉम्बे टॉकीज के एक और बड़े कलाकार अशोक कुमार के साथ कई यादगार फिल्मों में काम किया, जिनमें एन.आर. आचार्य की बंधन और आजाद (1940) और ज्ञान मुखर्जी की झूला (1941) शामिल है।

खबर संक्षेप

1076 से अजय की बदली राह, मिली ट्रायसाइकिल

रायगढ़। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में शिकायत के बाद लैलूंगा ब्लॉक के ग्राम दर्रीपारा गहनाझरिया निवासी दिव्यांग हितग्राही अजय शंकर चौहान की शिकायत पर समाज कल्याण विभाग ने मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल उपलब्ध कराई। इससे अब उनका आवागमन पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हो गया है। अजय शंकर चौहान ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में बताया था कि दिव्यांगता के कारण उन्हें रोजमर्रा के कार्यों और आने.जाने में काफी कठिनाई होती है।

पालना सहायिका भर्ती निरस्त

रायगढ़। एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत पालना केन्द्र प्रेमनगर में पालना सहायिका के रिक्त पद के लिए जारी भर्ती निरस्त कर दिया गया है। बीते 8 जुलाई को जारी सूचना के अनुसार पालना सहायिका के पद के लिए 9 जुलाई से 23 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। विज्ञप्ति में टंकण त्रुटि के कारण पालना केन्द्र प्रेमनगर वार्ड क्रमांक 27 के स्थान पर वार्ड क्रमांक 28 अंकित हो गया था। इसी टंकण त्रुटि के चलते पूर्व में जारी सूचना निरस्त किया गया है।

श्रम विभाग का पोर्टल 27 जुलाई से फिर चालू

रायगढ़। श्रम विभाग के विभागीय पोर्टल में पिछले कुछ दिनों से सर्वर संबंधी समस्या के कारण पंजीयन एवं विभिन्न योजनाओं के सुचारू संचालन में परेशानी आ रही थी। विभागीय डेटा को फिजिकल सर्वर से क्लाउड सर्वर पर माइग्रेशन के लिए 19 से 21 जुलाई तक पोर्टल पर कार्यों का संचालन भी स्थगित रखा गया था। पिछले एक सप्ताह से सर्वर में आ रही तकनीकी समस्या के चलते श्रमिकों के पंजीयन एवं योजनाओं से संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे थे। विभाग द्वारा तकनीकी समस्या का निराकरण कर 27 जुलाई से विभागीय पोर्टल को पुनः सुचारू कर दिया गया है।

पेयजल के लिए 12 करोड़ स्वीकृत, मिलेगी सुविधा

रायगढ़। डीएमएफ से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यक विकास एवं अधोसंरचना कार्यों के लिए डीएमएफ मद से कुल 13 कार्यों के लिए 10 करोड़ 86 लाख 53 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है। इसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 12 कार्यों के लिए 1 करोड़ 30 लाख 35 हजार रुपये तथा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के कार्य के लिए 9 करोड़ 56 लाख 18 हजार रुपए शामिल हैं। स्वीकृत राशि से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ साथ आवासीय अधोसंरचना से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। डीएमएफ मद से स्वीकृत राशि का एक बड़ा हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए रखा गया है। कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायगढ़ के माध्यम से कुल 12 पेयजल संबंधी कार्यों के लिए 1 करोड़ 30 लाख 35 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें ग्राम गोपालपुल, विकासखंड रायगढ़ में 19.20 लाख रुपए, विखं धरमजयगढ़ के ग्राम नावागांव में 18.19 लाख रुपए, ग्राम कापू में 9.97 लाख रुपए, ग्राम कुड़ेकेला में 9.99 लाख रुपए, ग्राम किरीया में 9.98 लाख रुपए, ग्राम हाटी में 9.74 लाख रुपए, ग्राम बंधापाली में 4.53 लाख रुपए, ग्राम गोलाबुड़ा में 9.85 लाख आदि को मदद मिलेगी।

पृष्ठ 1 का शेष

रिवर्स इंजीनियरिंग...

तो पहले समझें कि डॉक्टर वास्तव में काम क्या करते हैं। प्रवेश परीक्षा और मुख्य परीक्षा के सिलेबस को स्वयं अपने हाथ से लिखें। सफल लोगों द्वारा लिखी गई पुस्तकों और उनकी रणनीतियों का गहराई से अध्ययन करें। संस्थान के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने इस प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक सत्र के लिए डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा का आभार व्यक्त किया।सत्र में शिक्षक अवनीश पांडेय, अश्विनी सिंह, दीपक ग्वाला, ज्योति श्रीवास्तव, सीमा गुप्ता सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पुसौर के बोरोडीपा सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल का मामला

शिक्षा विभाग का गजब खेल: तीन साल से एक भी छात्र नहीं, दो शिक्षक जाते हैं केवल हाजिरी लगाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

शिक्षा विभाग में गजब खेल चल रहा है। यहां एक स्कूल ऐसे है जहां बीते तीन साल एक भी छात्र नहीं है, लेकिन वहां दो शिक्षक हैं और हर दिन हाजिरी लगाने जाते हैं। सुबह 10 से 4 बजे तक दोनों शिक्षक स्कूल में मौजूद रहते हैं। इसके बाद चले जाते हैं। यह सिलसिला एक नहीं दो नहीं, बल्कि तीन साल से चल रहा है। इसके बाद भी शिक्षा विभाग इस स्कूल को न तो किसी अन्य स्कूल में मर्ज कर रहा है और न ही शिक्षकों को दूसरे जगह शिफ्ट कर रहा है। याने केवल आने जाने का दोनों शिक्षक राशि ले रहे हैं।

तहसील मुख्यालय पुसौर के बोरोडीपा में साल 2018 में बड़े दावे के साथ शुरू की गई सीबीएसई इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल आज बदहाली की तस्वीर बन गई है। स्कूल में पिछले 3 सालों से एक भी छात्र नहीं है, बावजूद यहां 2 शिक्षक पदस्थ हैं और उन्हें नियमित वेतन भी दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 2018 में शुरू हुए इस स्कूल में पहले 3 साल यानी 2019-2020 और 2021 तक छात्रों की अच्छी संख्या थी। लेकिन जब शासन द्वारा अंग्रेजी माध्यम के स्वामी आत्मानंद स्कूल की शुरुआत हुई तो इस सीबीएसई स्कूल के सभी अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक वहां पदस्थ कर दिए गए। उनके स्थान पर हिंदी माध्यम के शिक्षक भेजे गए। नतीजा ये हुआ कि 2022 के बाद 6वीं, 7वीं, 8वीं में सिर्फ एक.एक छात्र बचे। उनके पास होने के बाद वर्ष 2024 से यहां प्रवेश लेने वाला एक भी बच्चा नहीं है। आज स्थिति ये है कि स्कूल पूरी तरह बंद है।

खोला गया था यूथ सेंटर

पिछली सरकार के कार्यकाल में कम छात्रों के कारण यहां सीएम यूथ सेंटर भी स्थापित किया गया था। सेंटर में अभी भी कंप्यूटर, प्रतियोगी पुस्तकें और करियर गाइडेंस की सामग्री रखी है, लेकिन उसका भी समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शासन ने एक तरफ इस सीबीएई स्कूल की उपेक्षा की दूसरी तरफ ठीक इसी क्षेत्र में नया आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोल दिया। स्कूल के बगल में इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल भी संचालित है लेकिन वहां पढ़े बच्चे भी यहां भर्ती नहीं होते क्योंकि यहां अंग्रेजी पढ़ाने वाले शिक्षक ही नहीं हैं। बोरोडिपा क्षेत्र के अभिभावकों का कहना है कि सरकार बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। स्कूल या तो बंद करो या फिर आत्मानंद स्कूल में इसका विलय कर दो।

अभी तक सुशासन तिहार के बाकी है 1808 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जनसरोकार से जुड़े विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा की और लंबित आवेदनों का तय समय में निराकरण करने का निर्देश दिया। इस दौरान बैठक में सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

समीक्षा में बताया गया कि जिले में कुल 30 हजार 326 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 28 हजार 518 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, जबकि 1 हजार 808 आवेदन लंबित हैं। कलेक्टर 10 अगस्त तक आवेदनों के निराकरण का अल्टीमेटम दे दिया है। लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा।

बैठक में कलेक्टर जनदर्शन के लंबित आवेदनों की विभागवार समीक्षा के दौरान बताया गया कि कुल 268 आवेदन लंबित हैं, जिनमें 175 आवेदन 10 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं। कलेक्टर ने अधिक लंबित प्रकरण वाले विभागों के अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल औपचारिक निराकरण स्वीकार्य नहीं होगा, बल्कि प्रत्येक प्रकरण का समाधान आवेदक की संतुष्टि एवं शासन के मापदंडों के अनुरूप होना चाहिए। बैठक में जिले के प्रमुख जलाशयों, तालाबों एवं शासकीय जलभराव क्षेत्रों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षाकाल के दौरान इन स्थलों की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति पर बवाल: हाईकोर्ट के आदेश की अनदेखी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

डिग्री में अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इस मामले में महाविद्यालय के प्राचार्य को लिखित शिकायत सौंपकर नियुक्ति प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। शिकायत में कहा गया है कि अतिथि व्याख्याता के रूप में राजेश कुमार पटेल की नियुक्ति नियमों के विपरीत की गई तथा इस पूरी प्रक्रिया में उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश की भी अनदेखी की गई। शिकायतकर्ता ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

दरअसल शासकीय किरोड़ीमल कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ में वनस्पति शास्त्र विभाग में अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है। महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा पटेल ने उच्च शिक्षा विभाग, आयुक्त, कलेक्टर तथा जिला प्रशासन को लिखित शिकायत भेजकर आरोप लगाया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति उच्च शिक्षा विभाग की अतिथि व्याख्याता नीति-2024 के अनुरूप नहीं की गई है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर नई भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि वनस्पति शास्त्र विषय में कार्यरत अतिथि व्याख्याता राजेश कुमार पटेल को वर्ष 2024-25 के लिए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट, बिलासपुर के WPS क्रमांक 6834/2024 में पारित आदेश के आधार पर कार्य करने की अनुमति दी गई थी। न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया था कि याचिकाकर्ता को केवल वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अंत तक अतिथि व्याख्याता के रूप में कार्य करने दिया जाए। न्यायालय ने नियमित अथवा आगामी सत्र के लिए नियुक्ति का कोई आदेश नहीं दिया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसके बावजूद शैक्षणिक सत्र 2025-26 में भी उसी आदेश का हवाला देकर राजेश कुमार पटेल को पुनः अतिथि व्याख्याता के रूप में कार्य करने दिया गया, जबकि उच्च शिक्षा विभाग की नीति के अनुसार प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में रिक्त पदों के लिए विज्ञापन जारी कर पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाने चाहिए। उनका कहना है कि इस प्रक्रिया का पालन नहीं किए जाने से अन्य योग्य उम्मीदवारों को आवेदन का अवसर ही नहीं मिल पाया। डॉ. सुषमा पटेल ने अपने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि वर्ष 2024 में गठित चयन समिति ने राजेश कुमार पटेल को नियुक्ति के लिए उपयुक्त नहीं पाया था। इसके बाद कॉलेज द्वारा जारी अतिथि व्याख्याता संबंधी विज्ञप्ति भी निरस्त कर दी गई थी। ऐसे में चयन समिति के निर्णय और विभागीय नियमों की अनदेखी करते हुए पुनर्नियुक्ति दिया जाना गंभीर अनियमितता है। शिकायत के अनुसार, इस मामले में पहले भी महाविद्यालय प्रशासन को आवेदन देकर आपत्ति दर्ज कराई गई थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

संविदा शिक्षक करेंगे आंदोलन, 4 और 5 अगस्त को सांकेतिक हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना में कार्यरत संविदा शिक्षक एवं कर्मचारियों ने अब अपनी मांगों को लेकर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ ने 4 एवं 5 अगस्त को दो दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की घोषणा कर दी है। हड़ताल का असर सारंगढ़ बिलाईगढ़ सहित प्रदेश के सभी जिलों में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालयों में देखने को मिल सकता है।

हड़ताल की सूचना संघ द्वारा सभी कलेक्टर, एसपी डीईओ-बीईओ को लिखित रूप से भेज दी गई है। संघ का कहना है कि वर्षों से विभिन्न मांगों को लेकर शासन और प्रशासन के समक्ष ज्ञापन प्रस्तुत किए जा रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए कोई ठोस और सकारात्मक पहल नहीं की गई है। इसी कारण कर्मचारियों को लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है।

ये हैं कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

संघ द्वारा जारी हड़ताल सूचना पत्र में जिन मांगों का उल्लेख किया गया है उनमें प्रमुख रूप से समस्त संविदा शिक्षक एवं कर्मचारियों का शिक्षा विभाग में संविलियन। वेतन वृद्धि एवं उचित वेतनमान की व्यवस्था। सेवा सुरक्षा और पेंशन संबंधी लाभ प्रदान करना। सभी संविदा कर्मचारियों के लिए न्यूनतम 50 लाख रुपये का बीमा लागू करना। मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज पर संविदा नियुक्ति नियम लागू करना। संविदा कर्मचारियों के लिए स्थायी एवं स्पष्ट सेवा नीति का निर्माण। संघ का कहना है कि इन मांगों को लेकर कई बार शासन प्रशासन को ज्ञापन सौंपे गए हैं।

4-5 अगस्त को प्रदेश के सभी स्वामी आत्मानंद के शिक्षक एव कर्मचारी संघ के सदस्य विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल में रहेंगे

कुलदीप खटर्जी
जिला अध्यक्ष, स्वामी आत्मानंद कर्मचारी संघ बिलाईगढ़

जिला योगासन चैंपियनशिप में चंद्रपुर का जलवा, सभी खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

- स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के विद्यार्थियों ने जीते स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक,

चंद्रपुर। पामगढ़ में आयोजित 5वीं जिला स्तरीय योगासन भारत चैंपियनशिप में योगासन भारत चंद्रपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। विभिन्न आयु वर्गों की प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर टीम के सभी खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय योगासन भारत चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। प्रतियोगिता की विशेष उपलब्धि यह रही कि चंद्रपुर टीम के सभी खिलाड़ी एवं खिलाड़ी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, चंद्रपुर के छात्र-छात्राएँ हैं। खिलाड़ियों की सफलता में विद्यालय के प्राचार्य हेमचंद पटेल के मार्गदर्शन तथा टीम के प्रशिक्षक शोभा कुमार आनंद के कुशल प्रशिक्षण और सतत अभ्यास की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंडर 14 बालिका वर्ग में प्रियारानी पांडेय ने आर्टिस्टिक पेयर स्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। याचना मेहरा ने ट्रेडिशनल एवं आर्टिस्टिक पेयर स्पर्धा में द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि अनुभूति चौहान ने ट्रेडिशनल एवं आर्टिस्टिक सिंगल दोनों स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। वहीं अंडर 14 बालक वर्ग में शिवांश सिदार ने आर्टिस्टिक सिंगल एवं ट्रेडिशनल स्पर्धा में प्रथम स्थान हासिल कर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। अंडर 17 बालिका वर्ग में लीना पटेल ने आर्टिस्टिक सिंगल एवं आर्टिस्टिक पेयर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हर्षिता गोस्वामी ने आर्टिस्टिक पेयर में प्रथम, खुशी वैष्णव ने आर्टिस्टिक पेयर में प्रथम एवं आर्टिस्टिक सिंगल में द्वितीय तथा अंकिता मालाकर ने आर्टिस्टिक पेयर में प्रथम स्थान प्राप्त कर टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंडर 17 बालक वर्ग में सुबोध राज ने आर्टिस्टिक सिंगल में द्वितीय एवं रिदमिक पेयर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अविनाश दुआन ने आर्टिस्टिक पेयर में प्रथम तथा ट्रेडिशनल स्पर्धा में तृतीय स्थान हासिल किया। नितीश मेहर ने आर्टिस्टिक पेयर में प्रथम एवं ट्रेडिशनल स्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 19 बालक वर्ग में घृतेश देवांगन ने ट्रेडिशनल एवं रिदमिक पेयर दोनों स्पर्धाओं में प्रथम स्थान हासिल किया जबकि चंदन मेहर ने ट्रेडिशनल एवं आर्टिस्टिक सिंगल दोनों स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर चंद्रपुर टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर टीम के सभी खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय योगासन भारत चैंपियनशिप के लिए चयन किया गया है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं पूरे चंद्रपुर क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के प्राचार्य हेमचंद पटेल, प्रशिक्षक शोभा कुमार आनंद, अपने अभिभावकों तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं स्टाफ को दिया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी वे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चंद्रपुर, सक्ती जिले और प्रदेश का नाम गौरवान्वित करेंगे।

तीन मांगों को लेकर आज बंद रहेगा बिलाईगढ़

बिलाईगढ़। नगरहित से जुड़े तीन प्रमुख मुद्दों को लेकर व्यापारी संघ बिलाईगढ़ ने 30 जुलाई को नगर बंद का आह्वान किया है। संघ ने नगरवासियों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा युवाओं से आंदोलन में शामिल होकर समर्थन देने की बात कही है।

व्यापारी संघ का कहना है कि लंबे समय से विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण बंद का निर्णय लेना पड़ा। व्यापारी संघ की पहली मांग नगर के अधूरे पड़े गौरव पथ निर्माण कार्य को तत्काल शुरू कराने की है। संघ का कहना है कि निर्माण कार्य रुका होने से लोगों को धूल, गड्ढों और जाम जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसका असर व्यापारिक गतिविधियों पर भी पड़ रहा है। कई बार प्रशासन को ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया। दूसरी मांग नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुशील चौधरी का स्थानांतरण उनके कार्यकाल की निष्पक्ष जांच कर निलंबन की कार्रवाई करने की है। व्यापारी संघ का आरोप है कि नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर लगातार शिकायतें किए जाने के बावजूद अपेक्षित पहल नहीं हुई। हालांकि, इस संबंध में समाचार लिखे जाने तक संबंधित अधिकारी का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका था। संघ की तीसरी मांग मुख्य मार्ग से संचालित सभी बसों का नियमित संचालन बिलाईगढ़ तक सुनिश्चित करने की है। व्यापारियों का कहना है कि बसों के नियमित संचालन नहीं होने से विद्यार्थियों, मरीजों, किसानों, व्यापारियों और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है।

मनरेगा के काम में कर दी मानव दिवस की कटौती, ग्रामीणों ने की कलेक्टर से शिकायत

रायगढ़। जनदर्शन में ग्राम तेलीपाली के ग्रामीणों ने मनरेगा अंतर्गत तालाब गहरीकरण कार्य में मानव दिवस की कटौती की शिकायत करते हुए जांच की मांग की। इस पर कलेक्टर ने संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम उच्चभिट्ठी निवासी पुरुषोत्तम चौधरी ने बताया कि दुर्घटना में उनका दाहिना पैर टूट गया है और चिकित्सकों ने ऑपरेशन की सलाह दी है। उपचार में लगभग 2 लाख रुपए का खर्च आने की संभावना है, जबकि उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है तथा वे अंत्योदय राशन कार्डधारी हैं। इसी प्रकार ग्राम बैकुंठपुर की अनुपमा यादव ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत आवेदन किया था, जिसे घोषणा पत्र के अभाव में निरस्त कर दिया गया। पुनः आवेदन करने के बाद उन्होंने योजना का लाभ दिलाने का अनुरोध किया।

बनोरा गुरु बाबा प्रियदर्शी के आध्यात्मिक वचनों से आया समाज में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आषाढ़ माह की पूर्णिमा गुरु पूर्णिमा का दिन गुरु शिष्य के मिलन के लिए निर्धारित माना जाता है। गुरु पूर्णिमा के दिन महान गुरु महर्षि वेद व्यास की जयंती भी है। सनातन परंपरा में आज का दिन उस रिश्ते के नाम है जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। और ऐसे ही एक प्रकाश पुंज का नाम है अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट के संस्थापक पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी।

तीन दशक पहले जब बाबा जी के चरण रज बनोरा की पावन धरती पर पड़े एतब यहां अज्ञानता का अंधकार चप्पे चप्पे में पसरा हुआ था मूलभूत साधनों का अभाव था। रूढ़ी वादी परम्पराएं हावी थीं। तीन दशकों के सफर के दौरान गुरु चरण में संपर्क में रही बनोरा ज्ञान, प्रेम और संस्कार की त्रिवेणी बन गई। गुरु अथाह ज्ञान का खजाना होता है।

गुरु दीपक है जो खुद जलकर समाज को आलोकित करता है। पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी का जीवन भी इसी दीपक की भांति समाज को आलोकित करते रहे है। पूज्य बाबा जी ने मानव जाति को इस तथ्य से अवगत कराया कि हर मनुष्य के अंदर असीमित शक्तियां निहित हैं। बस सोई हुई शक्तियों को जागृत करने की की जरूरत है। उसी तरह मानव जाति के सामने आपने यह आदर्श उदाहरण रखा कि सुख दुख मनुष्य के मन की अवस्था है। जरूरत से ज्यादा साधनों पर निर्भरता ही मनुष्य के दुखों का कारण है। आपने बताया कि मनुष्य को जीवन के भटकाव से बचने के लिए जीवन का वास्तविक लक्ष्य समझना जरूरी है। पूज्य पाद बाबा प्रियदर्शी राम जी ने आध्यात्मिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक ज्ञान को भी जरूरी बताया। धनाढ्य लोगों के समाज में बढ़ते प्रभाव के संबंध में आपका मानना रहा बताया कि सिर्फ धन कमाने वाला ही सफल नहीं होता। जो पीड़ित मानव की सेवा करता है, वही असली मायने में संतुष्ट और सफल है। निः स्वार्थ सेवा मानवता को सही मायने में धर्म बताया।



गुरू पूर्णिमा

ढाबा, गैरेज से सामान की चोरी, सामान के साथ पकड़ाया आरोपी

रायगढ़। छाल थाना क्षेत्र में ढाबा और गैरेज से हुई चोरी की वारदात के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया मोबाइल, दो प्रेसर जैक और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार, 26 जुलाई को ग्राम हाटी स्थित मितान ढाबा संचालक भागीरथी साहू 42 ने बताया कि 25 जुलाई की रात ढाबा बंद कर सभी कर्मचारी सो गए थे। अगले दिन सुबह बिल काउंटर पर रखा मोबाइल गायब मिला और सामान बिखरा हुआ था। इसी दौरान पास के गैरेज संचालक अशरफ अली ने भी अपने गैरेज से दो प्रेसर जैक चोरी होने की सूचना दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 301(4) एवं 305(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने ढाबे में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में रात करीब 2:15 बजे एक युवक पहले ढाबे के बिल काउंटर से मोबाइल चोरी करते और बाद में गैरेज से दो प्रेसर जैक मोटरसाइकिल में ले जाते हुए दिखाई दिया। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 17 हजार आंकी गई।